अब चार साल में बीएससी आनर्स विद रिसर्च की डिग्री

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में अब चार वर्षीय बीएससी करने पर आनर्स विद रिसर्च की डिग्री मिलेगी। रसायन विज्ञान विभाग की बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इसके संशोधित पाठ्यक्रम को मंजूरी दी गई। रसायन विज्ञान विभाग के समन्वयक डा. पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक बीएससी कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम ही संचालित था। अब फिजिक्स, केमिस्ट्री, सांख्यिकी व कंप्यूटर साइंस विषय के रूप में भी शुरू किया गया है। इसमें से विद्यार्थी कोई भी दो मेजर व एक माइनर विषय पढ़ेंगे। **बैक पेपर परीक्षाएं 12 से** : शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने बैक पेपर परीक्षा (सम सेमेस्टर) की समय सारिणी जारी की। परीक्षा 12 से 20 नवंबर तक होंगी।

शोध पत्र लेखन शैली पर व्याख्यान का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में विशेष शिक्षा संकाय द्वारा शोध पत्र लेखन शैली विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में गुणवत्तापूर्वक शोध लेखन की समझ को विकसित करना एवं साथ ही साथ लेखन शैली के कौशल का विकास करना है। डॉ अर्पणा गोडबोले, अपूर्वा शर्मा ने शिक्षाशास्त्र विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन नूतन पाण्डेय, रेनू ओझा के द्वारा किया।

चार साल में बीएससी आनर्स विद रिसर्च डिग्री

iGOOD NEWS

बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में संशोधित पाठ्यक्रम को मंजूरी

LUCKNOW (9 NOV): डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अब चार वर्षीय बीएससी करने पर आनर्स विद रिसर्च की डिग्री मिलेगी. शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग की बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इसके संशोधित पाठ्यक्रम को मंजूरी दी गई.

नया कोर्स हुआ शुरू

रसायन विज्ञान विभाग के समन्वयक डा. पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि अब विश्वविद्यालय से चार साल का बीएससी कोर्स करने पर आनर्स विद रिसर्च की डिग्री मिलेगी. अभी तक बीएससी कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम ही संचालित था. अब फिजिक्स, केमिस्ट्री, सांख्यिकी व कंप्यूटर साइंस विषय के रूप में भी शुरू किया गया है. इसमें से विद्यार्थी कोई भी दो मेजर व एक माइनर विषय पढ़ेंगे. उन्होंने बताया कि पढ़ाई क साथ स्किल डेवलपमेंट के लिए वोकेशनल व स्किल कोर्स भी शुरू होंगे.

बैक पेपर परीक्षाएं 12 से

शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने बैक पेपर परीक्षा (सम सेमेस्टर) की समय सारिणी जारी कर दी है. यह परीक्षाएं 12 से शुरू होकर 20 नवंबर तक संचालित होंगी. परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि परीक्षा की समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ पर जारी की गई है.